## सार-समाचार

### शक्ति दिवस पर एनीमिया जांच की

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान को एनीमिया मुक्त करने के लिए राजस्थान सरकार का स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग हर माह के प्रथम मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप में किशोरियों एवं महिलाओं में एनीमिया जांच के कार्यक्रम आयोजित करता है। भारत विकास परिषद् के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने बताया कि इस संबंध में भारत विकास परिषद् ने राजस्थान सरकार के साथ अनूठी पहल की है और गांव से लेकर शहर तक भारत विकास परिषद् संगठन की ओर से 5 अगस्त को शक्ति दिवस पर पूरे प्रदेश में करीब 1 लाख किशोरियों व महिलाओं की एनीमिया जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश की 250 शाखाओं की ओर से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभायी जायेगी। यह ज्ञातव्य रहे कि भारत विकास परिषद् देश में सन् 2019 से एनीमिया मुक्त भारत अभियान संचालित करता है।जिसमें प्रतिवर्ष लाखों किशोरियों व महिलाओं की एनीमिया जाँच होती है। जालोर शाखा के अध्यक्ष राजेंद्र भूतड़ा ने बताया कि मंगलवार को शक्ति दिवस पर वृहत् स्तर पर सिरे मंदिर रोड स्थित शांतिनाथ बालिका आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय व विद्या भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रातः8.30 से दोपहर 1 बजे तक निशुल्क एनीमिया जागरूकता, जांच एवं परामर्श शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इन शिविरों में विद्यालयों में अध्ययन रत कक्षा 6 से 12 तक की करीब 500 से ज्यादा बालिकाओं के एनीमिया की जांच कर उन्हें जागरूकता के साथ आवश्यक परामर्श दिया जायेगा। शिविरों में जिला चिकित्सालय जालोर से मेडिकल टीम मय एनीमिया जांच किट व आवश्यक आईएफए गोलियां व दवाइयां के साथ उपलब्ध रहेगी।

### स्वाधीनता दिवस की तैयारी पर चर्चा

**जालोर**,(कासं)। जिला कलैक्टर डॉ प्रदीप के गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने स्वाधीनता दिवस की विभिन्न तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर डॉ.प्रदीप के गावंडे ने कहा कि स्वाधीनता दिवस समारोह उत्साह, उमंग व गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जावें। उन्होंने शिक्षा विभाग, नगरपरिषद जालोर, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, जलदाय, पुलिस व चिकित्सा इत्यादि विभागों के अधिकारियों को तैयारियां पूर्ण कर स्वाधीनता दिवस समारोह को सफल बनाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा द्वारा समारोह से जुड़ी विभिन्न तैयारियां यथा- पानी, बिजली, वाटरप्रुफ टेंट, माईक, बैङ्क व्यवस्था, परिवहन व ट्रैफिक व्यवस्था, ध्वजारोहण, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के साथ ही आयोजित होने वाले सांस्.तिक कार्यक्रम, मार्च पास्ट, लोक कलाकारों द्वारा नृत्य सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए निर्देशित किया। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गंगा कलावंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### बोस्टन सम्मेलन में जांगेश्वर गर्ग

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग बोस्टन, अमेरिका में 4 से 6 अगस्त तक आयोजित हो रहे वैश्विक विधायी सम्मेलन में हिस्सा ले रहे है। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने बताया कि वैश्विक स्तर पर विधायकों के सहयोग को बढ़ाने के लिए एक खास पहल के तहत अन्य राज्यों के साथ राजस्थान विधानसभा का प्रतिनिधिमंडल बोस्टन, अमेरिका में 4 से 6 अगस्त तक हो रहे नेशनल कॉफ्रेंस ऑफ स्टेट लेगीस्लाचर्स द्वारा आयोजित सम्मेलन में हिस्सा ले रहे है। यह विधायकों का अध्ययन दौरान नेशनल लेगीस्लाचर्स कॉफ्रेंस भारत (एनएलसी भारत) के सहयोग से संभव हो पा रहा है। एनएलसी भारत का गैर-राजनीतिक मंच है, जो भारतीय विधायकों की क्षमता बढ़ाने और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय लोकतांत्रिक बातचीत को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है। इस सम्मेलन में भारत के 24 राज्यों के 21 राजनीतिक दलों के कुल 130 विधायक भाग ले रहे है।

### किसान ने चौपाल में सुनाई आपबीती

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर गांव निवासी कृषक शंकरलाल पुत्र पुनमराम सैन ने रात्रि चौपाल के दौरान सिरोही जिला कलेक्टर के समक्ष अपने खेत को हुए नुकसान की पीडा व्यक्त की। किसान ने बताया कि ग्राम रेवदर में सामलाति खेत खबर नंबर 1069/1 स्थित उसके खेत में गंदे नाले का पानी बहकर आ गया, जिससे उपजाऊ भूमि बर्बाद हो गई और बाजरे की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। कृषक ने बताया कि रेवदर से मिटन रोड की पश्चिम दिशा में उसका खेत स्थित है, वहीं पूर्व दिशा में ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए गंदे पानी के बडे नाले की दीवार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड दिया गया है। इसके कारण बरसात का पानी रोड पर फैलता हुआ नहर में गिर रहा है। नहर आगे जाकर मिट्टी से पूरी तरह भर गई है, जिससे पानी ओवरफ्लो होकर किसान के खेत में घुस गया। शंकरालाल ने जिला प्रशासन से मांग की कि नाले की मरम्मत करवाई जाए, नहर की सफाई करवाई जाए और उसके खेत को हुए नुकसान की भरपाई की जाए। किसान ने अपील की कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, स्थायी समाधान निकालें।

### आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस आज

**जालोर**, (कासं)। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में ''बहनों का सुरक्षा-सम्मान पर्व'' अभियान के तहत ''आंगनबाड़ी बहन सम्मान दिवस'' कार्यक्रम का जिला स्तर पर 5 अगस्त, मंगलवार को जालोर क्लब में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वी.सी. के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं से संवाद करेंगे। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंड़े ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा को प्रभारी अधिकारी व महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।


# सावन के अंतिम सोमवार को मंदिरों में उमड़ी भीड़

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर सहित जिले भर में सावन माह के अंतिम सोमवार को शिवालय ओम नमो शिवाय व बम बम भोले के जयकारे फिंजा में गुंजायमान हो उठी।

जालोर में सावन माह के अंतिम सोमवार को लेकर शिव भक्तो में उत्साह देखा गया। शिव भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं शिवालयों में दिनभर भक्तों की कतारे नजर आई। शिवालय बम बम भोले, ओम नमो शिवाय, हर हर महादेव के जयकारे गूंज उठे। वही भक्तों ने भगवान शिव मंदिर में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक कर शिवलिंग पर पुष्प व बिल्व पत्र चढाकर भक्ति में लीन रहे।

जालोर शहर के बागेश्वर महादेव मंदिर, गोगेश्वर महादेव मंदिर, झरनेश्वर महादेव मंदिर, बैधनाथ महादेव मंदिर, सुरेश्वर महादेव मंदिर सहित जालोर शहर के समस्त शिव मंदिर में दिनभर भक्तो का रेलमपेल लगी। भक्तों ने शिव मंदिर में अपनी आस्थ प्रकट कर पूजा अर्चना की। जालोर शहर के सिरे मंदिर धाम पर मेला जैसा माहौल रहा। दिनभर भक्तो ने सिरे मंदिर धाम पर पहुंचकर भगवान शिव की आराधना की। भक्तो ने व्रत आदि रखे व दिनभर शिव भक्ति में लीन नजर आए।

जालोर शहर के निकट बिशनगढ स्थित कैलाश धाम, लेटा मठ, भैसवाडा, जागनाथ महादेव मंदिर, स्वरुपुरा महादेव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी सावन माह के अंतिम सोमवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी।



जालोर के बागेश्वर महादेव मंदिर में महंत प्रेमनाथ महाराज ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की। फोटो-राष्ट्रदूत

## मरूधर महिला मित्र मण्डल का श्रावण महोत्सव संपन्न

**पाली**, (नि.सं.)। मरुधर नगर महिला मित्र मण्डल की जयमाला राठौड़ ने बताया कि श्रावण महोत्सव का आयोजन आज दोपहर को होटल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओ ने राजस्थानी मारवाड़ी व फिल्मी गीतों पर नृत्य कियां मरुधर नगर की सभी महिलाओ ने मिलकर भाग लिया व कई प्रकार के कार्यक्रम किये एवं महिला मित्र मण्डल द्वारा खेलकुद का आयोजन भी किया गया। श्रावण उत्सव हर्षो उल्हास के साथ मनाया गया। इस श्रावण महोत्सव में भाग लेने वाली महिलाएं जयमाला राठौड़, मोनिका व्यास, तेज कंवर राठौड़, दुर्गा कंवर भाटी, उर्मिला शर्मा, अमृत कंवर राठौड़, कंचनदेवी, प्रेम कंवर, हंसादेवी, राजू राखेचा, ज्योति कंवर चौहान, मेघा, गुड्डीदेवी, काजल कंवर चारण, रेखा देवी, विनिता, दिव्या, लाडुदेवी, ध्रुवी, लक्षिता, नंदनी, एवं शोर्य, देवेंद्र आदि ने भी महोत्सव में भागीदारी निभाई।

# सेवा, श्रद्धा व स्वास्थ्य का नेत्र महाकुंभ में संगम

**रामदेवरा/पोकरण**, (निसं)। पश्चिमी राजस्थान की तीर्थ नगरी रामदेवरा में प्रतिवर्ष भादवा मास में लगने वाले मेले का दृश्य इस बार कुछ अलग है। जहां पहले भोजन प्रसादी और भंडारों की बहुलता दिखाई देती थी, वहीं इस बार नेत्र महाकुंभ के रूप में एक अनूठी सेवा का आयोजन लोगों का ध्यान खींच रहा है। बाबा रामदेव पीर के चमत्कारों की चर्चित कहावतें अंधा को आंखें देते, कोढ़ियों को काया इस नेत्र शिविर में साकार होती नजर आ रही हैं।

नेत्र-कुंभ नामक यह विशाल शिविर लगभग 1 एकड क्षेत्र में फैला है, जिसे सात बडे जोनों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में विशाल डोम बनाए गए हैं, जिनमें मरीजों के ठहरने, पंजीकरण, जांच एवं परामर्श की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इस शिविर में कुल 7 विशालकाय डोम बनाए गए हैं। इस भव्य आयोजन में लगभग 1000 वॉलिंटियर्स दिन-रात सेवा में जुटे हैं।

20 नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर, 100 ऑटोमेट्रिस्ट, और कुशल नर्सिंग स्टाफ प्रतिदिन ओपीडी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हर दिन इनकी टीम बदलती रहती है। जिससे सेवाएं लगातार सुचारू बनी रहें। जांच और पंजीकरण की व्यवस्थाजांच क्षमता॰प्रतिदिन 40000 मरीजों की जांच की जा रही है।पंजीकरण॰ मात्र 3 दिनों (1-3 अगस्त) में 5400 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया।ओपीडी समय॰सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक।ब्लॉक व्यवस्था॰ 5 ओपीडी ब्लॉक, प्रत्येक में 16 चैंबर।सुविधाएं॰ मरीजों व परिजनों के बैङ्गने के लिए उत्तम व्यवस्था, स्कैन टीवी पर मनोरंजन की सुविधा भी उपलब्ध। आंखों की जांच के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, और जरूरत पडने पर डायबिटीज की जांच भी की जाती है। साथ ही आयुष विभाग के सहयोग से आयुर्वेद, होम्योपैथी और जनरल मेडिसिन की सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

इस शिविर में राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित देशभर से मरीज पहुंच रहे हैं। आमजन की जुबान पर एक ही बात है। यह आयोजन बदलती जीवनशैली, स्क्रीन टाइम में बढोतरी और आंखों की देखभाल में लापरवाही को देखते हुए किया गया है। उद्देश्य है समय रहते आंखों की सुरक्षा, जागरूकता, और जरूरतमंदों को समर्पित चिकित्सा सेवा।

# जालोर में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी शुरू



जालोर में सनातन सेवा समिति की बैठक में कृष्णा जन्माष्टमी पर्व पर चर्चा की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सनातन महोत्सव समिति जालोर की बैठक रविवार शाम 8.30 बजे शहर के तिलकद्वार के अंदिर स्थित जलंधरनाथ धर्मशाला में भैंनाथ अखाड़ा के शेरनाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित हुई।

समिति अध्यक्ष अम्बालाल व्यास ने बताया कि आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सनातन महोत्सव समिति की बैठक रविवार शाम 8.30 बजे जलंधरनाथ धर्मशाला में भैंरूनाथ अखाड़ा के शेरनाथजी महाराज के सानिध्य तथा शहर के लोगों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में जन्माष्टमी को हर वर्ष की भांति मनाने व शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की गई। जिसमें विभिन्न कार्यो के लिये अलग - अलग समितियां बनाना, मटकी फोडने के लिये कन्हैया टोली तैयार करना, मार्ग में विभिन्न संस्थाओं व समाजों द्वारा की जाने वाली व्यवस्था के लिये सम्पर्क करना, मटकी लगाने की जगह चिन्हित करना आदि कार्यो को क्रियान्वित करने पर चर्चा हुई। अबकी बार नव प्रयोग करते हुये मटकी फोडने के लिये मातृ शक्ति की टीमें भी तैयार करने का प्रस्ताव लिया गया जिसके लिये आगामी बैठक में इसे मूर्त रूप दिया जायेगा।

इस अवसर पर विहिप के दिनेश जीनगर, सत्यप्रकाश रामावत, बनवारीलाल शर्मा, पुखराज, आलोक सोनी, दिनेश बारोट, कैलाश लखारा, यशवंत मेवाडा, हितेश माली, अशोक कुमार, भरत माली, रतनलाल, आनन्द कुमार, भोपाल कुमार, भावेश माली, रोहित मीणा सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

## आई.एम.सी.सीटों पर प्रवेश 6 को

**जालोर**, (कासं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाड़ा में संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) की सीटों पर 6 अगस्त को प्रवेश लिए जाएंगे। आईटीआई रानीवाड़ा के सहायक निदेशक प्रशिक्षण व प्रवेश प्रभारी चिमनाराम पटेल ने बताया कि डीजीटी भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रानीवाड़ा में संस्थान प्रबंधन समिति (आईएमसी) की सीटों पर ऑनलाइन पोर्टल पर 4 अगस्त को अस्थाई योग्यता सूची जारी की गई।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम 9 से

**जालोर**, (कासं)। ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के आयोजन की श्रृंखला में जिले में 9 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि विभिन्न गतिविधियों का जनसहभागिता के साथ आयोजन किया जा रहा है। ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के प्रथम चरण में अंतर्गत सोमवार को स्कूलों की दीवारों व बोर्ड पर तिरंगा के अनुसार सजावट करने के साथ ही हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रचार-प्रसार किया गया। 5 व 6 अगस्त को राजकीय भवनों एवं शैक्षणिक संस्थानों में प्रदर्शनी लगाई जायेगी। 7 अगस्त को स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता व देश भक्ति पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। 8 अगस्त को तिरंगा राखी बनाओ वर्कशॉप व प्रतियोगिता आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में 9 से 11 अगस्त तक ग्रामों में सार्वजनिक स्थान, जल संरचनाओं, जल और सेनिटेशन सूचनाएँ, नाली सफाई, ग्रे-वाटर प्रबंधन, पाईपलाईनों से वाटर लीकेट को बंद करने, सीएससी, आरआरसी व अन्य परिसम्पत्तियों की सुरक्षा संबंधित कार्य किए जाएंगे। 10 अगस्त को प्लास्टिक वेस्ट कनेक्शन एवं इसके प्रबंधन संबंधी कार्य, 11 अगस्त के गाँव के रास्तों, सार्वजनिक स्थानों पर 'आजादी का श्रमदान', 12 अगस्त को गांव में जल जीवन मिशन की संरचनाओं की सफाई और सौन्दर्यीकरण, जल एवं स्वच्छता संबंधी सुविधाओं को देशभक्ति थीम से पेंट व सजावट करने, कचरा प्रबंधन तकनीक (पृथक्कीकरण, कम्पोस्टिंग), शौचालय रखरखाव, भूमिगत जल संग्रहण, जल स्त्रोत संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित, व्यक्तिगत शौचालयों की ग्रामवासियों द्वारा सफाई गतिविधि का आयोजन किया जायेगा।

# बजट घोषणा 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा हुई

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की क्रियान्वयन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने बजट घोषणाओं के तहत चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, युवा एवं खेल मामले विभाग, पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों की बजट घोषणाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नर्मदा प्रोजेक्ट के अधिकारियों से जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत एफआर, डीआर, ईआर, सीलू जैसला भाटकी परियोजना की वर्तमान प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए हर घर जल योजना के तहत अधिक से अधिक संख्या में पात्र नागरिकों को एफएचटीसी कनेक्शन देने एवं पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला कलैक्टर ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे एंटी लार्वा एक्टिविटी की जानकारी लेते हुए बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने की बात कही। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं को विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान के जालोर जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, सीएमएचओ डॉ. भेराराम जाणी सहित अधिकारी-कार्मिक उपस्थित रहे।

# कॉकरोच, कीड़े पड़े बदबूदार काली मैना गुलाब जामुन नष्ट करवाए

**पाली**, (नि.सं.)। प्रदेशभर में त्योहार के मध्यनजर पाली जिले में विशेष अभियान के तहत दूध व दूध से बने खाद्य पदार्थो की बढ़ती खपत के तहत जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मारवाड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप सिन्धी बाजार में मिष्ठान के प्रतिष्ठानों पर कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा औषधि नियंत्रण एच गुईटे के दिशा निर्देश व सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल के निर्देशानुसार पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन के विश्व प्रसिद्ध काली मैना गुलाब जामुन निर्माण एवं उत्पादक प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा व दिलीप सिहं यादव निरीक्षण व जांच कर पाया की सिन्धी बाजार स्थित दीपक स्वीट होम के गोदाम में काली मैना गुलाब जामुन से भरे एल्युमिनियम के पात्र में कॉकरोच व कीड़े पड़े मिठाई में दुर्गन्ध आ रही थी। जिस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने करीब 80 किलोग्राम से अधिक काली मैना मिठाई को नष्ट करवाया।

इस दौरान मारवाड़ जंक्शन सिन्धी बाजार में अग्रवाल स्वीट्स, लक्ष्मी रेस्टोरेन्ट एण्ड स्वीटस व पूनम किराना स्टोर पर कार्यवाही की व खाद्य पदार्थो में मिठाई घी व तेल के पांच नमूने लिये गये। जिन्हें जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेश चन्द्र शर्मा ने बताया की सेम्पल के फेल होने पर एफएसएसआई के नियमानुसार कानून कार्यवाही को अमल में लाया जायेगा। सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया की त्योहार के मध्यनजर विशेष अभियान में मिठाईयां, पनीर, नमकीन, तेल-घी, मसाले, बेकरी आइटम व सहगार से सम्बधित खाद्य पदार्थो के नमूने लिये जाएंगे।

बासी खराब अवधिपार सामग्री का जब्तीकरण नष्टीकरण किया जायेगा एवं हाईजिन सेनिटेशन पर विशेष ध्यान देते हुये एफएसएस एक्ट की धारा के अलावा अन्य सुसंगत मिलावट करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# साहित्यिक परिचर्चा व काव्य गोष्ठी आयोजित

**जालोर**,(का.सं.)। जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में अखिल भारतीय साहित्य परिषद जालोर की ओर से स्वर्णगिरी का स्वर्णिम इतिहास विषय पर परिचर्चा एवम काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिवक्ता मधुसूदन व्यास ने जालौर के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जालौर के इतिहास के कई अनछुए पहलुओं पर कार्य करना बाकी है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए निरंतर शोध की आवश्यकता है। लेखक मनोहर सिंह कोटड़ा ने कहा कि राजस्थानी की पहली पुस्तक का लेखन जालौर में ही हुआ था। उन्होंने कहा कि जालौर दुर्ग को यूनेस्को की विश्व धरोहर की सूची में स्थान मिलना चाहिए।

अधिवक्ता हरिशंकर राजपुरोहित ने दुर्ग के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों के बारे में जानकारी प्रदान की। संस्कार भारती के प्रांत अध्यक्ष जितेंद्र जालोरी ने कहा इतिहास की पुस्तकों में जालौर के इतिहास पर बहुत कम लिखा गया है। जालौर का विस्तृत इतिहास लेखन अभी बाकी है।

उन्होंने विभिन्न लेखकों के द्वारा जालौर के इतिहास पर लिखी महत्वपूर्ण पंक्तियों को भी पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर कवि हिंगलाज चारण मनस्वी ने'' इंसानों को ठगने वाले खूब यहां जो भगवानों को ठग ले उनका क्या करिए, कविता पाठ करके वाह वही लूटी। कवि मीठा मीर डबाल ने कविता पाठ किया।अनिल शर्मा ने कानदान कल्पित कृत जालोर पर आधारित कविता का वाचन किया साथ ही अचलेश्वर आनंद रचित जालोर री जस गाथा कविता का बखान किया।

साथ ही साहित्यकार पुरुषोत्तम पोमल, कृष्णपाल सिंह राखी ने भी अपनी बात कही। वरिष्ठ साहित्यकार परमानन्द भट्ट ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन भरत कोराणा ने किया।

कार्यक्रम में केसरी कॉलेज बागोड़ा का विशेष सहयोग रहा।

कवि किशोर नामा ने कृष्णदास संत के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए पत्रवाचन किया। वहीं जालोर के युवा ब्लॉगर खुशाल सिंह कृत राजस्थानी भाषा का पाठ करके भरत कोराणा ने तालिया बटोरी।

इस अवसर पर उम्मेद सिंह विजावत, अश्विनी श्रीमाली,शांतिलाल दवे, एमएल जांगिड़, मदनराज बोहरा, मदन बावडी , श्रवण सिंह राव , राजेंद्रसिंह काबावत , निशा कुट्टी , कवयित्री शैलकंवर , नयन बादल , गजेन्द्रसिंह , पवन ओझा , मीठालाल खत्री , कुलदीप खंडेलवाल , दिव्या राजपुरोहित , छगनलाल , प्रेमसिंह इंदा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## विश्वकर्मा योजना में रजिस्ट्रेशन 6 से

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष की आयु में 3 हजार रूपये मासिक पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र 41 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए 6 से 8 अगस्त तक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग जालोर परिसर में कैम्प का आयोजन किया जायेगा।

राज्य बीमा एवं प्रा.नि. विभाग जालोर की संयुक्त निदेशक सुनीता यादव ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 की अनुपालना में प्रदेश के श्रमिकों, पथ विक्रेताओं एवं लोक कलाकारों द्वारा सामना की जाने वाली कङ्गिनाईयों और भविष्य संबंधित आशंकाओं के समाधान एवं वृद्धावस्था में उन्हें सम्बल प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना लागू की गई है। यह स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना के संचालित होगी। योजना के पात्र अभिदाताओं को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 3 हजार रूपये मासिक पेंशन दी जायेगी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत 41 वर्ष से 45 वर्ष आयु वर्ग के लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करने के लिए पोर्टल ॉंह माध्यम से किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए आधार/जनाधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बैंक पास बुक व नॉमिनी आधार कार्ड की आवश्यकता होगी।

# जालोर में एस.पी. शैलेद्र सिंह इंदौलिया ने कार्य संभाला



शैलेंद्र सिंह इंदौलिया ने जालोर पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा 91 आईपीएस अधिकारियों के बडे पैमाने पर तबादले किए गए। इसके तहत जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय व यातायात) के पद पर कार्यरत शैलेंद्र सिंह इंदौलिया को जालौर का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वही सोमवार शाम को एसपी इंदौलिया ने पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद शैलैन्द्र सिंह ने कहा कि जालोर जिलेभर का पहले जायजा लूंगा, उसके बाद जो समस्या होगी, उसके अनरुप कार्रवाई।

एसपी ने कहा कि जिलेभर पैडिग मामले का पर्दाफाश के लिए पुलिस टीम का गठन कर कार्यवाही की जायेंगी। इससे पुर्व एसपी का पुलिस अधिकारी व स्टाफ कि ओर से फूल मालाओंसे स्वागत किया। वहीं जालोर एसपी के रूप में कार्यरत ज्ञानचंद्र यादव का तबादला कर उन्हें जयपुर विशेष संचालन समूह (एसओजी) का एसपी बनाया गया है। यादव ने 13 मार्च 2024 से 19 जुलाई 2025 तक जालोर में कार्यकाल के दौरान महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी कार्रवाई की।

यह तबादला आदेश 19 जुलाई 2025 को राज्य सरकार के संयुक्त शासन सचिव डॉ. धीरज कुमार सिंह द्वारा जारी किया गया। आदेश के तहत कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों के पदों में फेरबदल किया गया है।

# चयनित एथलीट बीकानेर में दिखाएंगे अपना दम

**जालोर**, (कासं)। जिला एथलेटिक्स संघ जालोर के तत्वावधान में रविवार शाम संपन्न हुई जिला स्तरीय अंडर 14 एथलेटिक्स में वीएस महावीर स्वामी नारायण इंटरनेशनल स्कूल के धावकों ने सात में से पांच खिताब जीतकर चैंपियनशिप अपने नाम की गई।

जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष भरत मेघवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 91 बालक व बालिका खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए आयोजन सचिव स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपुरी गोस्वामी ने बताया कि बालिका वर्ग में 40 में से 36 अंक लेकर हिमांशी प्रजापत वीएस महावीर ने प्रथम, अर्चना मेघवाल बादनवाडी ने द्वितीय व किरण वीएस महावीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। बालक में विपुल वीएस महावीर ने प्रथम, तुषार प्रजापत ने द्वितीय, दक्ष वीएस महावीर व मुकेश आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक जालोर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पश्चात सभी खिलाडियों के लिये अल्पाहार की व्यवस्था आयोजक विद्यालय ने की थी। प्रतियोगिता के दौरान आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी, छोगाराम मीणा, गोपाल सिंह राठौड, कोच कैलाश चंद्र,कोच भावेश कुमार,विजयपाल सिंह सहित बडी संख्या में खिलाडी मौजूद थे। जिला स्तरीय अंडर 14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के चयनित बीकानेर में 27 से 28 अगस्त तक राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स में जालोर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सार-समाचार

### शरीर धर्म कार्य में लगाएं : सुमति मुनि

**जोधपुर**, (कासं)। चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि में अपने नित्य प्रवचन में कहा कि मोहनीय कर्म से ज्यादा तकलीफ होती है। हम संसार के सुखों में इतना उलझ गये है कि धर्म ध्यान की तरफ हमारा ध्यान ही नहीं जाता। उन्होंने कहा कि कर्मों से जो सुख मिल रहा है यह शरीर का है, शरीर हमें मिला हुआ है। इसके छूटने से पहले इस शरीर का धर्मकार्य में उपयोग ले। धर्मध्यान करते रहोगे तो शरीर अपने आप ठीक हो जायेगा। साता सुख कर्मोदय से मिलता है। कर्म को जड़कहा गया है, यह जड़ का सुख है। हमको अपनी चैतन्य आत्मा के सुख की तरफ ध्यान देना है। संघ प्रवक्ता देवराज सा बोहरा ने बताया कि 5 अगस्त, मंगलवार को जयगच्छ के ग्यारहवे पटधर आचार्य सम्राट शुभचन्द्र म.सा. का 86 वा जन्मदिन संघ द्वारा त्याग तपस्या से मनाया जायेगा। जन्म दिवस को एकासन तप के रूप में मनाने का आव्हान किया। इससे पूर्व साध्वी नगीना ने कहा कि हमको हिंसा, आरंभ व विराधना से बचना है। किसी जीव को शरीर से अलग करना, उससे जीव रहित करना है। बिना मन दुखी होते हुए कोई काम करना पड़ जाये तो यह आरंभ हिंसा है। यतना रखते हुए भी, भाव एवं क्रिया सही होते हुए भी जीव की अनजाने में घात हो जाय, यह विराधना है। दूसरों से काम करवाने पर यतना एंव विवेक नहीं रहता है उसमे हिंसा होने के अवसर ज्यादा रहते हैं। इसमें गाढ़ा कर्म बंधन होता है। स्वयं कार्य करने से जीवों की विराधना कम होती है। आज दशरथ मल गुलेच्छा, सुमित्रा ने तेरह की तपस्या एंव 15 वर्षीय बालक वंश सम समदड़िया ने आठ की तपस्या के पचकखाण ग्रहण किए।

### चोरी के मुख्य आरोपी सहित दो पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। बालेसर कस्बे में गत 13 जुलाई को रात्रि में एक मोबाइल की दुकान के शटर तोडक़र कीमती मोबाइल चोरी करने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो जनों को गिरफ्तार किया है। बालेसर थानाधिकारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि बालेसर निवासी कंवरा राम पुत्र बाबूराम माली ने रिपोर्ट पेश कर बताया था कि बालेसर प्राइवेट बस स्टैंड पर उनकी मोबाइल की दुकान है। रात्रि को जब दुकान बंद करके गया तथा सवेरे कुछ लोगों ने फोन करके बताया कि उनकी दुकान के ताले टूटे हुए हैं तब जाकर देखा तो दुकान के अंदर कीमती 4 मोबाइल एवं 11 हजार रोकड़ रुपए गायब थे। दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति दुकान में चोरी करता हुआ नजर आ रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की। इस घटना पर पुलिस टीम का गठन कर तकनीकी डेटाबेस के आधार पर मुख्य आरोपी बालेसर सत्ता निवासी जीत राम पुत्र स्वरूप राम को दस्तयाब कर गहन पूछताछ करने पर मोबाइल की दुकान से मोबाइल चोरी करने की घटना को स्वीकार किया। वहीं तीन मोबाइल अपने पास रखें तथा एक मोबाइल सेतरावा निवासी मांगीलाल पुत्र बाबूराम खत्री को बेच दिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी जीता राम पुत्र स्वरूप राम भील निवासी बालेसर एवं सेतरावा निवासी मांगीलाल पुत्र बाबूराम खत्री को गिरफ्तार किया है।

### नोटबुक पाकर बच्चों ने जताई खुशी

**जालोर**, (कासं)। राजसुगम सेवा संस्थान जालोर की ओर से चलाए जा रहे शिक्षा में सहयोग अभियान के तहत सोमवार को औद्योगिक तृतीय चरण स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोहनजी की प्याउ में विद्यार्थियों को पाठयसामग्री वितरित की गई। इस दौरान संस्थान की ओर से विद्यार्थियों को नोटबुक, पेन, पेंसिल, रबड शॉर्पनर आदि वितरित किए। कार्यक्रम में संस्थान के प्रेरक भरत कुमार मेघवाल, सचिव रविना कुमारी, डीडी डब्ल्यू जालोर के फार्मासिस्ट महेश कुमार सैनी, प्रधानाध्यापिका सुनैना, दिनेश डाबी के हाथों विद्यार्थियों को पाठय सामग्री वितरित की गई। प्रधानाध्यापिक सुनैना ने पाठ्य सामग्री वितरित करने पर आभार जताते हुए कहा कि संस्थान की ओर से किया जा रहा कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों इससे संबल मिलता है, और पढाई के प्रति उनकी रूचि बढती है। संस्थान की सचिव रविना कुमारी ने संस्थान की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। इस दौरान बच्चों को नशा नहीं करने एवं नशीली वस्तुओं से दूर रहने का आव्हान किया। इस दौरान फार्मासिस्ट महेश कुमार सैनी ने कहा कि संस्थान की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत अभियान से जरूरतमंद बच्चों को खुशी मिलती है।

### नेत्रहीन दिनेश के नेतृत्व में पौधारोपण

**पोकरण/रामदेवरा**, (निसं)। कस्बे में सावंतके सोमवार के दिनएक विशेष सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे नेत्रहीन समाजसेवी दिनेश चौहान, जो वर्षो से पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके मार्गदर्शन में यह आयोजन एक प्रेरणास्त्रोत बन गया। इस अवसर पर कंवरी देवी, लता, उषा, अक्षरा, खुशबू, संतोष, अर्मत, अंजली और अरुण सहित कई समाजसेवियों और बच्चों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही, बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व और वृक्षों की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया। दिनेश चौहान ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा्यदि हम सब मिलकर एक-एक वृक्ष भी लगाएँ और उसकी देखभाल करें, तो आने वाली पीढयों को एक हरा-भरा और स्वच्छ जीवन दे सकते हैं। कार्यक्रम को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और समाज के जागरूक नागरिकों ने सराहा और इस पहल को एक अनुकरणीय उदाहरण बताया कि जब संकल्प सच्चा हो, तो कोई भी शारीरिक बाधा रुकावट नहीं बनती।

### नाकाबंदी तोड़ी, पुलिस ने पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। ग्रामीण पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नाकाबंदी तोडक़र कार भगा ले गए थे। इस पर पुलिस ने पीछा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत ग्रामीण पुलिस के थाना कापरड़ा की टीम ने नाकाबंदी की थी। नाकाबंदी के दौरान रावर फांटा पर बिलाड़ा की तरफ से आ रही स्विफ्ट कार को रुकने का इशारा किया गया। इस पर चालक नाकाबंदी देखकर गाड़ी को वापस मोड़ कर भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर रावर गांव में गाड़ी को रुकवाया। कार की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 29.530 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्ट जब्त किया गया। इस पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर कार सवार रावण की ढाणी कापरड़ा निवासी अशोक उर्फ लादेन पुत्र मांगीलाल विश्नोई और लांबा पुलिस थाना बिलाड़ा निवासी लेखराज पुत्र जोगाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया गया।

### लापसी भोग व सामूहिक एकासना किया

**पाली**, (नि.सं.)। श्री मरूधर केसरी मित्र मण्डल द्वारा कार्यक्रम में केशव नगर गौ शाला में गौ माता की पूजा अर्चना कर लाभार्थी परिवार लादु राम संजय कुमार राहुल लोढ्ा परिवार द्वारा लापसी का भोग लगाया गया। आचार्य रघुनाथ स्मृति जैन भवन में विराजित महासती श्री शीतल जी म सा व श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के सानिध्य में तीन सामायिक के लाभार्थी सोमचन्द अरविन्द कुमार नाहटा व सामूहिक एकासना के लाभार्थी नेमीचंद विनीत कुमार मोक्षील छाजेड़ परिवार द्वारा 200एकासना का लाभ लिया व प्रवचन प्रभावना नरेंद्र कुमार प्रदीप कुमार पंच द्वारा की गई । मंत्री सज्जन राज गुलेच्छा ने बताया कि संघ अध्यक्ष गौतम चन्द कवाड, पदम ललवानी, सम्पत तातेड, मण्डल उपाध्यक्ष धनपत चौपड़ा, शरबत पगारिया, दिलीप कटारिया, देवीचन्द सालेचा, पारस तलेसरा, प्रकाश भरकक्तिया, निहालचन्द पालरेचा, साहिब खां, दर्शन चोपड़ा, अंकित गुलेच्छाआदि मौजूद रहे। मंगलवार को हरियाडा गौ शाला में लापसी का आयोजन होगा।

### डूंगरा परमेश्वरा मंदिर में जागरण हुआ

**धोरीमन्ना**, (निसं)। संत आश्रम डूंगरपुर महाराज के मठ में रविवार के शाम डूंगरा परामेश्वर महादेव के नाम कलाकार जबबर सिंह एंड पार्टी चौहटन ने गजानंद व डूंगरपुरी महाराज की आरती व कई देवी देवताओं की भजनों की प्रस्तुतियां दी। सोमवार सुबह महा आरती व रुद्राभिषेक हुआ शिव पुराण कथा का समापन किया। कई बोलियां बोली। जागरण व महाप्रसादी लाभार्थी डूंगरपुरी महाराज के मित्र मंडल की तरफ से किया गया। डूंगरापरमेश्वरा महादेव के मंदिर में दिनभर मेले जैसा माहौल रहा। महंत जगदीश पुरी महाराज चौहटन के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ।

### एन.एस.यू.आई. कार्यकर्ता जयपुर रवाना

**पाली**, (नि.सं.)। एनएसयूआई राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ के नेतृत्व में मंगलवार को जयपुर में छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर पाली से सोमवार को एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विजय जोशी के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ता दो बसें और सैकड़ो कारो के काफिले के रूप में रवाना हुए। पाली विधायक भीमराज भाटी द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

# शिवालयों में रूद्राभिषेक हुए, बम-बम भोले के जयकारे गूंजे



सावन मास के अंतिम सोमवार को पाली शहर के मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जोधपुर**, (कासं)। सूर्यनगरी के शिवालयों में सावन का चौथा व अंतिम सोमवार श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया गया। शिवालयों में सुबह से ही रुद्राभिषेक शुरू हो गए व हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। दिनभर शिवालयों में मेले सा माहौल रहा। जनप्रतिनिधियों ने भी आज अलग-अलग शिव मंदिरों में पूजा अर्चना कर रूद्राभिषेक किया।

सावन के सोमवार के उपलक्ष में शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठान व फूलमंडलियां व शिव परिवार की प्रतिमाओं का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। कटला बाजार स्थित प्राचीन शिवालय अचलनाथ, सिवांचीगेट के भूतेश्वर महादेव, चांदपोल के बाहर रामेश्वरनाथ सिद्धपीठ, जालोरीबारी में बड़लेश्वर महादेव, सूरसागर रोड पर डूंगरिया महादेव, भूतेश्वर वन क्षेत्र में भूतनाथ, भोगिशैल पहाडियों में मंडलनाथ, बैजनाथ, सोजतीगेट के भीतर स्थित भोमेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार सुबह महारुद्राभिषेक व विशेष श्रृंगार हुए। वहीं उम्मेद उद्यान स्थित शिव मंदिर में शिवलिंग की झांकी के दर्शन कराए गए।

जोधपुर शहर के सभी शिव मंदिरों व शिवालयों में आज पूजा अर्चना के साथ अभिषेक किए गए। यहां दिनभर हर-हर महादेव व बम-बम भोले गुंजायमान होते रहे। घरों में भी भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए धार्मिक आयोजन हुए। रातानाडा स्थित कृष्ण मंदिर में भी साज सज्जा की गई।

अभिषेक के बाद बिल्व पत्र, धतूरा, बेल, आंक के फूल शिवजी को अर्पित कर प्रसन्न करने का प्रयास किया गया। श्री काया पलट जनसेवा समिति के अध्यक्ष आनंद दवे ने बताया कि बेरी गंगा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष सावन मै बेरेश्वर महादेव का महा रुद्राभिषेक 108 बिल पत्रों के साथ भांग, गन्ने का रस, इत्र, दूध, दही से किया गया किया गया। वहीं पुंगलपाडा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में देवा दी देव महादेव का भूतनाथ के आधिपति रौद्ररूप में श्रृंगार किया जिसमें भगवान शिव के दिव्य व प्रचण्ड रूप में देखने को मिला।

### जन प्रतिनिधियों ने किया अभिषेक

सावन के सोमवार के उपलक्ष में आज जनप्रतिनिधियों ने भी पूजा अर्चना में भाग लिया। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सुबह दईजर स्थित मंडलनाथ महादेव मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इसके अलावा शहर विधायक अतुल भंसाली ने अचलनाथ महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर रूद्राभिषेक किया।

सावन मास के अंतिम सोमवार पर न्यू चांदपोल रोड जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित शुभंकर स्वयंभू उपकेश्वर महादेव मंदिर का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह गणपति पूजन के साथ विशेष औषधियों से भगवान शिव का रुद्राभिषेक व फूल मंडली सजाई गई। पंडितों ने रुद्राभिषेक कर खुशहाली की कामना की।

पालड़ी मांगलिया स्थित श्री राजराजेश्वरी श्रीविद्या ट्रस्ट में श्रावण मास के अवसर पर चल रहे रुद्राभिषेक के क्रम में वैदिक विधि विधान से महेन्द्र व्यास के नेतृत्व में 31 रुद्रपाठियों द्वारा भगवान शिव की प्रसन्नता के लिए नमक चमक रुद्राभिषेक किया गया। ट्रस्ट के सेवादार जगदीश व्यास ने बताया कि सर्वप्रथम गणपति प्रीत्यर्थ पूजन अभिषेक किया गया तत्पश्चात मां श्रीराजराजेश्वरी प्रीत्यर्थ श्रीयन्त्रोपरि अभिषेक किया गया। शिवलिंग का पुष्पों से श्रृंगार किया गया।

### सावन के अंतिम सोमवार को मंदिरों में भीड़ रही

**पाली**, (नि.सं.)। सावन मास के अंतिम सोमवार को पाली शहर के मंदिरों में बम बम भोले के जयकारे गूंजे।

सुबह से ही शिव भक्तों द्वारा शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए होड़ लगी हुई थी। इसी क्रम में शहर के हृदय स्थल सोमनाथ महादेव मंदिर को रंग बिरंगे कृत्रिम फूलों से जोरदार सजावट की गई। वहीं पूरे मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गयां यहां सुबह 5 बजे से ही भक्तों की लाइन लगने शुरू हुई जो दोपहर तक चली। शिव भक्तों ने शिवलिंग पर आक, धतूरा, पुष्प जल दूध चढ़ाकर भगवान शिव से मनोकामना पूर्ण की। वही मंदिर परिसर स्थित पिपलेश्वर महादेव पर शिवलिंग पर जल चढ्ाने लाइन लगी हुई थी। यहां सुबह अजमेर से मंगाई विशेष फूलों से श्रृंगार किया गया। वही पंडित संजयव्यास द्वारा रुद्राभिषेक कार्यक्रम भी करवाया गया। इसी प्रकार लखोटिया महादेव, मंदिर को भी आकर्षक फूलों से सजाया गया। यहां दिनभर उद्यान में मेला लगा रहा। वही खाने पीने की स्टाले और झूलो का लोगों ने आनंद उठाया। इसी प्रकार गीता भवन स्थित महादेव मंदिर भूतनाथ,तारकेश्वर रामेश्वर, रत्नेश्वर, अमलेश्वर, नीलकंठ पंचमुखी महादेव, नहर चौराहा स्थित अटल महादेव, जबरेश्वर महादेव मंदिरों में शिव भगवान के दर्शन के लिए लोग पहुंचे। वहीं परशुराम महादेव निंबाड़ा नाथ मंदिर सालेसर महादेव भी श्रद्धालु पहुंचे।

# पीपा समाज का दो दिवसीय सावन महोत्सव संपन्न



समस्त पीपा क्षत्रिय समाज विद्यानगर जोधपुर के तत्वावधान में में आयोजित दो दिवसीय सावन महोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। "श्री समस्त पीपा क्षत्रिय समाज विद्यानगर, जोधपुर के तत्वावधान में में आयोजित दो दिवसीय सावन महोत्सव पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ।

अध्यक्ष श्री भीमराज राखेचा ने बताया कि दो दिवसीय सावन महोत्सव में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में मिस एंड मिसेस वर्ग के लिए अलग अलग आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मिस एवं मिसेज वर्ग की छात्रा , महिलाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सचिव प्रकाश पवार एडवोकेट ने बताया कि सावन महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित की गई।ञ समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रार्थना दहिया थी जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मीना चौहान, विजयलक्ष्मी गोयल, शशि गोयल उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों को साफा दुपट्टा और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

संस्था के कोषाध्यक्ष विजय कुमार तंवर ने बताया कि आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता जिसमें.रंगोली ( मिस एवं मिसेज वर्ग) में प्रथम स्थान श्रीमती दुर्गा चावड़ा, मेहन्दी ( मिस) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमिका गोयल, द्वितीय स्थान खुशबू, तृतीय स्थान रवीना गोयल एवं (मिसेज वर्ग) में श्रीमती राधिका तंवर, द्वितीय स्थान श्रीमती रेखा दहिया, तृतीय स्थान श्रीमती चंद्रकला गोयल, म्युजिकल चैयर ( मिस) मैं प्रथम स्थान नंदिनी पंवार, द्वितीय स्थान प्रिया राखेचा, तृतीय स्थान सोनिया गोयल व (मिसेज वर्ग) में प्रथम स्थान श्रीमती मंजू राखेचा, द्वितीय स्थान श्रीमती ज्योति पवार, तृतीय स्थान श्रीमती लता पवार,फैन्सी ड्रेस ( बाल वर्ग 14 वर्ष तक) मैं प्रथम स्थान हंसिका चावड़ा, द्वितीय स्थान काव्या चौहान, तृतीय स्थान अदिति चौहान , मिस सावन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लता दहिया, द्वितीय स्थान रेणुका चावड़ा, तृतीय स्थान साक्षी सोलंकी, श्रीमती सावन ( रेम्प वॉक ) मैं प्रथम स्थान श्रीमती अलका दहिया, द्वितीय स्थान श्रीमती मोनिका सोलंकी, तृतीय स्थान श्रीमती रेखा गोयल, नृत्य प्रतियोगिता ( मिस) मैं प्रथम स्थान अदिति चौहान द्वितीय स्थान साक्षी सोलंकी ,तृतीय स्थान नंदिनी पवार, रेणु चावड़ा व (मिसेज वर्ग) में प्रथम स्थान श्रीमति राधिका तंवर, द्वितीय स्थान श्रीमती काजल तंवर, तृतीय स्थान श्रीमती कांता दहिया ने प्राप्त किया।

विजेताओं को मंचासीन अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।अंत में अध्यक्ष भीमराज राखेचा ने धन्यवाद प्रेषित किया ।

कार्यकारिणी के सदस्यों में हनुमान चावड़ा ,कमल किशोर गोयल,। शिवलाल राखेचा,राजेंद्र प्रसाद सोलंकी, शैतान सिंह दहिया, जगदीश तंवर डेरिया, मूलचंद दहिया,दीपाराम चौहान, मनोज दहिया, घेवरचंद्र राखेचा, भीमराज चावड़ा, ओमप्रकाश तंवर , गजेंद्र चौहान मांगीलाल दहिया, राहुल चावड़ा, नरपत गोयल ,संपत राज राखेचा, राहुल सोलंकी, डूंगर चंद्र दहिया, राधेश्याम गोयल, किशन चावड़ा, विजय प्रकाश तंवर, गणेश दहिया सहित कई जनों ने सावन महोत्सव की सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

### पुलिस अभियान, 50 से ज्यादा लोगों को पकड़ा

**जोधपुर** , (कासं)। कमिश्नरेट पुलिस ने पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के दिशा निर्देश पर रविवार को एरिया डोमिनेशन चलाकर मादक पदार्थ तस्करों और जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की। 50 से ज्यादा लोगों को पकड़ा गया।

पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश के दिशा निर्देश पर डीसीपी पूर्व अमित जैन, डीसीपी वेस्ट विनीत कुमार बंसल के सुपरविजन में कमिश्नरेट के थाना क्षेत्रों में एरिया डोमिनेशन के तहत कार्रवाई कर अवैध डोडा पोस्त, गांजा और शराब को जब्त किया गया। कमिश्नरेट में दो दर्जन से ज्यादा जुआरी भी पकड़े।

जिला पूर्व में बनाड़ पुलिस ने रामनगर में खेड़ी सालवा डांगियावास हाल नांदड़ी राजस्थान अस्पताल के पीछे रहने वाले प्रेमाराम पुत्र कानाराम विश्नोई को गिरफ्तार कर 1 किलो 136 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। इसी तरह करवड़ पुलिस ने देसूरिया विश्नोईयान में कैलाश पुत्र श्यामलाल विश्नोई से अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। मथानिया पुलिस ने खारडा मेवासा निवासी ओमप्रकाश पुत्र मूलचंद को पकड़ा और 910 ग्राम अवैध डोडा पोस्त जब्त किया। महामंदिर पुलिस ने दाधिच नगर निवासी सुनील दाधिच से 24 ग्राम डोडा जब्त किया। बोरानाडा पुलिस ने पाल में राजेश्वर किराणा स्टोर के पास से सिणली लूणी निवासी मांगीलाल पुत्र रामाराम पटेल से 9 किलो 369 डोडा पोस्त बरामद किया।

झंवर पुलिस ने धवा स्थित ढाकों की ढाणी में मुकेश पुत्र मेकाराम विश्नोई से अवैध डोडा पोस्त बरामद किया। कुड़ी भगतासनी पुलिस ने मीरानगर झालामंड निवासी संदीप पुत्र सुमेरराम से 11 किलो 400 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया।

जबकि भगत की कोठी पुलिस ने ओम कॉलोनी सरस्वती नगर निवासी नरपत पुत्र शंकर चौहान को क्षेत्र में ही 567 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा।

# उप चुनाव के लिए निषेधाज्ञा लागू

**जालोर**, (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार जालोर जिले में चितलवाना पंचायत समिति के वार्ड संख्या 12 में पंचायत समिति सदस्य के उप चुनाव को शांतिपूर्वक, स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न करवाने की दृष्टि से भारतीय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत संबंधित क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की है।

जिला मजिस्ट्रेट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भारतीय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर निर्देश देते हुए बताया कि चितलवाना पंचायत समिति के वार्ड संख्या 12 में पंचायत समिति सदस्य के उप चुनाव को को शान्तिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने एवं संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सभी वर्गों के मतदाता बिना किसी आतंक एवं भय के अपने मताधिकार का प्रयोग स्वतंत्र होकर कर सकें।

इसके लिए असामाजिक, अवांछित एवं समाज विरोधी तत्वों की गैर कानूनी गतिविधियों को नियन्त्रित करने तथा कानून व्यवस्था एवं लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए भारतीय सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित उप चुनाव कार्यक्रम की तिथि 5 अगस्त, 2025 से मतगणना समाप्ति के तुरन्त पश्चात् तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की सीमा में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति चुनाव क्षेत्र में सीमा में किसी भी प्रकार का विस्फोटक पदार्थ, घातक रासायनिक पदार्थ, आग्नेय शस्त्र जैसे रिवोल्वर, पिस्टल, राईफल, बन्दूक, (एम.एल.गन एवं बी.एल.गन) आदि एवं अन्य घातक हथियार जैसे गण्डासा, फर्सा, तलवार, भाला, कृपाण, चाकू, छुरी, बर्छी, गुप्ती, कटार, धारिया, बाघनख (शेर पंजा) जो किसी भी धातु का बना हो आदि तथा विधि द्वारा प्रतिबन्धित हथियार और मोटे घातक हथियार, लाङ्गी आदि सार्वजनिक स्थानों पर धारण कर न तो घूमेगा, न ही प्रदर्शन करेगा।

यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल, राजस्थान सशस्त्र पुलिस, राजस्थान सिविल पुलिस, चुनाव ड्यूटी में तैनात सैनिक, अर्द्धसैनिक बल, होमगार्ड एवं चुनाव ड्यूटी में मतदान केन्द्रों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

सिक्ख समुदाय के लोगों को धार्मिक परम्परा के अनुसार कृपाण धारण करने की छूट होगी।

# जोधपुर में लेखनी की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न

**जोधपुर** , (कासं)। बादलों की आवाजाही और बीतते सावन माह की उमस भरी शाम में ग़ज़लों, गीतों, नज़्म और कविताओं का अनूठे संगम का आयोजन साहित्य और सांस्कृतिक संस्था लेखनी के बैनर तले नेहरू पार्क स्थित मदन-सावित्री साहित्य भवन में किया गया। प्रतिष्ठित और नव-रचनाकारों ने गोष्ठी में रचनाएं प्रस्तुत कर रचना संसार को साकार किया।

लेखनी के सचिव मज़ाहिर सुलतान ज़ई ने बताया कि वरिष्ठ शाइर और अफ़साना निगार हबीब कैफ़ी ने अपनी ताज़ा ग़ज़ल शाम होती है सवेरा होता है, ख़ूबसूरत एक घेरा होता है..., इसलिये रखा है दिल में आपको, ख़ाली घर भूतों का डेरा होता है...., सुनाकर दाद लूटी।

बुज़ुर्ग शाइर आदिल अख़्तर ने चिर परिचित अन्दाज़ में टप टप करे टपूकड़ा नींद न आवे रात...., कच्चे बने घरोंदों की दुश्मन हुई बरसात..., दोहे के साथ ग़ज़ल वो कहानी अब भी है, जोशे जवानी अब भी है, गीत सुनाकर अभिभूत किया तो मुकेश माण्डण 'अरमान' ने गम्भीर रचना ग़म तमाम आधा कर लेंगे, तुम मिलो तो सही...., गिले शिकवे साझा कर लेंगे तुम मिलो तो सही, सुनाकर अपनी पुख़्तगी का अहसास करवाया वहीं लेखनी के अध्यक्ष प्रमोद वैष्णव ने मैं ढूंढ रहा हूँ उस दरिया को, जिसमें डाल दी गई मेरी सारी नेकियां मुझसे बिना पूछे......, सुनाकर दाद पायी।

गोष्ठी की शुरूआत नवोदित रचनाकार सत्यनारायण व्यास ने की। स्वतन्त्रा दिवस आधारित गीत दिलीप सिंह राव ने आतंक का बढता अंधेरा, रो रही मां भारती, नौजवानों पग पढाओ सरहदें पुकारती...., गीत सुनाया तो शुभम पाण्डे ने तरन्नुम में रात गहरी हो रही है, नीन्द प्रहरी हो रही है, हम सुनाएं क्या तुम्हें हर, बात बहरी हो रही....., गीत सुनाया।

हाल ही में पत्नी शोक पश्चात् रज़ा मोहम्मद ख़ान आख़िरी वक़्त तक छोड़ा ना साथ उसने हाथ मेरा, एक मैं हूं जंगल में उसे तन्हा छोड़ आया..., ग़ज़ल सुनाते फफक कर रो पडे। वाजिद हसन क़ाज़ी ने ताज़ा ग़ज़ल चार क़दम साथ चला छोड़ गया वो, ज़िन्दगी की राह मेरी मोड़ गया वो...., सुनाकर दाद पायी ।

तीन घण्टे तक चली गोष्ठी में नवीन बोहरा पंछी, रतन सिंह चाम्पावत्, अकमल नईम सिद्दीक़ी, अशफ़ाक़ फौजदार, श्याम गुप्ता शान्त, रमेश भाटी नामदेव, डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, लता सिंह, कुलदीप सिंह भाटी, अनुपमा राठी, जितेन्द्र सिंह साठिका, जुगल सारस्वत मग़रूर, ओम प्रकाश गोयल, सन्तोष कुमार बड़ालिया, वोरा राम, जय बोहरा, अब्दुल रहीम सांखला तथा किशोर सिंह ने अपनी रचनाएं सुनाई। इस अवसर पर राखी पुरोहित, मोहम्मद सुलैमान, रहमतुल्लाह खान का सहयोग रहा। गोष्ठी का संचालन वाजिद हसन क़ाज़ी ने किया तथा एम. एस. ज़ई ने आभार व्यक्त किया।

# विश्व स्तनपान सप्ताह का कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग एवं राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर स्तनपान के महत्व, लाभ और भ्रांतियां को दूर करने के लिए जन जागृति के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रथम चरण में डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ बी एस जोधा, अतिरिक्त प्राचार्य डॉ अनुराग सिंह, अस्पताल अधीक्षक डॉ मोहन मकवाना एवं विभागाध्यक्ष डॉ राकेश जोरा द्वारा फिता काटकर शुभारंभ किया गया।

डॉ बीएस जोधा ने बताया कि बहुत ही सुंदर प्रदर्शनी बनाई गई है जिससे यहां आने वाली प्रसुताओं को स्तनपान का महत्व आसानी से समझाया जा सकता है उन्होंने प्रदर्शनी बनाने वाले नर्सिंग अधिकारियों की भी तारीफ की। अधीक्षक डॉक्टर मोहन मकवाना, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ राकेश जोरा, डॉ दलपत सिंह राजपुरोहित एवं नर्सिंग अधीक्षक रुकमणी रावल सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, नर्सिंग अधिकारी व मरीज व उनके परिजनो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

दूसरे चरण में उम्मेद अस्पताल, जोधपुर के ऑडिटोरियम में, वरिष्ठ चिकित्सको के द्वारा स्तनपान पर व्याख्यान दिए गए ।

डॉ एस के विश्नोई ने कंगारू मदर केयर की महत्ता को बताया, डॉ विष्णु गोयल ने स्तनपान के दीर्घकालिक फायदों के बारे में ज्ञान दिया। डॉ हरीश मौर्य ने स्तनपान परामर्श को समझाया, डॉ संदीप चौधरी ने विषम परिस्थितियों में स्तनपान को सुचारू बनाये रखने के बारे में बताया।डॉ रघुनाथ बारुपाल ने मंच का सञ्चालन किया

राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों द्वारा अपनी ड्यूटी के अतिरिक्त मेहनत कर प्रदर्शनी लगाकर सरल व आसान भाषा में स्तनपान के महत्व को समझाया है।

# जर्जर भवनों, हरियालो राजस्थान की समीक्षा

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जर्जर भवनों व विद्यालयों, हर घर तिरंगा अभियान में 15 अगस्त तक के लिये विविध आयोजनों पर चर्चा कर निर्देश दिये।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक इसमें विविध आयोजन किये जायेंगे जो जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित किये जायेंगे। बैठक में जिला कलक्टर ने मुख्य सड़कों का प्लान तैयार कर पेचवर्क दीपावली से पहले करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर मंत्री ने सभी विभागों से जर्जर क्षितठास्त भवनों की जानकारी ली और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये कहा।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सड़को मार्गो से निराश्रित पशुओं को हटाने के लिये, हरियालो राजस्थान में पौधारोपण के विभागवार लक्ष्यानुरूप पौधे लगाने की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिये।

साथ ही शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग में वय वंदन, ऑयल बोल, मरूधर एप, बांगड़ चिकित्सालय में चल रहे काम, बिजली, पानी, सडक, गिरदावरी, राजस्व, हार्टिकल्चर, कृषि विभाग के कामों योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने यूआईटी, नगर निगम को विभिन्न कार्या के लिये निर्देश दिये। साथ ही सहकारिता वर्ष, सांख्यिकी, डेयरी, कृषि मंडी, पशुपालन, राजीविका राखी स्टॉल, माईनिग, महिला अधिकारिता में लाडो प्रोत्साहन योजना व महिला व बाल विकास में कल मंगलवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिये व 15 अगस्त के लिये उपयुक्त व्यक्ति के नाम भिजवाने के लिये कहा।

सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण के दिये निर्देश

बैठक में जिला कलक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निस्तारण के लिये सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस अवसर पर बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग अश्विन के पंवार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना व सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच राज्यों के कलाकारों ने बिखेरा लोक संस्कृति का रंग

**पाली**, (नि.सं.)। पश्चिमालाप सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन पाली जिले के सुमेरपुर कस्बे टाउन हॉल में किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में देश के पाँच राज्यों राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दमन दीव और दादरा-नागर हवेली से आए 85 से अधिक कलाकारों ने भाग लिया। कलाकारों ने नृत्य एवं गायन के माध्यम से विलुप्त होती लोकसंस्कृति को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। सहायक उदय सिंह जैतावत उदयपुर और मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भव.ानी सिंह राणावत सुमेरपुर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को देश की पारंपरिक विरासत और लोक कला से परिचित कराना है।

कार्यक्रम में कलाकारों को संभाग के सबसे बड़े बांध जवाई बांध की फोटो फ्रेम स्मृति चिन्ह के रूप में उपखंड प्रशासन एवं भामाशाह ने भेंट की। कार्यक्रम में तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह, पुलिस उप अधीक्षक जितेंद्र सिंह, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह राणावत, सीबीईओ, प्रधानाचार्य डिंपल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

